तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि


# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 10 फरवरी 2025


बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 पुलिस ने ढूंढ निकाले गुम हुए 100 मोबाइल, जिनके थे …



12 चुनाव कार्य में लगे अधिकारी और कर्मचारियों को दिया …




## खबर संक्षेप

### छात्रों ने जल संरक्षण के लिए बनाया मॉडल



**बेमेतरा।** व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भनसुली के कक्षा 11वीं के कृषि छात्रों ने वर्तमान में जल संकट जैसी विकट समस्याओं को मद्देनज़र रखते हुए जल संरक्षण संबंधी विभिन्न तकनीकों का वर्किंग मॉडल बनाकर प्रदर्शित किया। इसके अंतर्गत कम जल से अधिक क्षेत्रफल की सिंचाई की उन्नत तकनीक टपक सिंचाई एवं स्प्रिंकलर सिंचाई की क्रियाविधि को मॉडल के माध्यम से दिखाया। साथ हि साथ रूफ वाटर हार्वेस्टिंग से वर्षा जल का संचय किस प्रकार से किया जा सकता है आदि विषय के बारे मे विद्यार्थियों ने विस्तार से बताया। इसी कड़ी में विद्यार्थियों ने प्रदूषित जल, प्राकृतिक रूप से फिल्टर किस प्रकार से होता है एवं भूजल के घटते स्तर को देखते हुए वाटर रिचार्च करने के विभिन्न तकनीकों को मॉडल, चार्ट व पोस्टर आदि के माध्यम से प्रदर्शित कर अवगत कराए। यह प्रदर्शनी छात्रों के लिए काफी उत्साहपूर्ण एवं रूचिकर रहा। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के कृषि प्रशिक्षक लेखराम वर्मा, प्रभारी प्राचार्य सुरेश चंद्र यादव, गिरजाशंकर मानिकपुरी, हरीश देवांगन, टिकेन्द्र साहू, रश्मि सोनी एवं चोला साहू आदि शिक्षक उपस्थित रहे ।

### निकाय चुनाव के दौरान शराब बिक्री पर प्रतिबंध

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत आगामी नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर मदिरा विक्रय पर प्रतिबंध लागू किया जाएगा। इस संबंध में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए, कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने जिले में कुछ मदिरा दुकानों पर प्रतिबंध लागू करने का आदेश जारी किया है। निर्देशों के अनुसार, बेमेतरा जिले में 11 फरवरी को मतदान के दिन और उससे पहले 09 फरवरी की शाम 5 बजे से लेकर मतदान की समाप्ति तक सभी देशी और विदेशी मदिरा दुकानों को बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, मतगणना के दिन, 15 फरवरी को भी मतगणना समाप्ति तक मदिरा विक्रय पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी। हालांकि, जिले की कम्पोजिट मदिरा दुकान टेमरी और मारो को इस आदेश से छूट दी गई है। इस आदेश के तहत जिन मदिरा दुकानों पर प्रतिबंध रहेगा, वे इस प्रकार हैं। देशी और विदेशी मदिरा दुकानों मे बेमेतरा (कोबिया), साजा, थानखम्हरिया, बेरला, नवागढ़। कम्पोजिट मदिरा दुकानें दाढ़ी, देवकर, पिकरीपारा, परपोड़ी। अन्य मदिरा दुकानें सी.एस.-2 (घघ), एफ.एल.-1 (घघ), कम्पोजिट मदिरा दुकानें सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट), और संबंधित अहाते। उक्त शुष्क अवधि के दौरान मदिरा का विक्रय, वितरण एवं संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## दोनों पार्टियां ने एक-दूसरे पर लगाया काम नहीं करने का आरोप, दिया विकास का आश्वासन

# नगरीय निकाय चुनाव के अंतिम दिन राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत, दिग्गजों ने किया रोड शो





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगरीय निकाय चुनाव के लिए प्रचार के अंतिम दिन राजनीतिक दलों ने प्रचार-प्रसार में पूरा जोर लगा दिया। भाजपा व कांग्रेस रोड शो के साथ-साथ सभा लेकर आमजनों के बीच पहुंच कर अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील करते रहे।

- कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज व पूर्व विधायक छाबड़ा ने संभाला मोर्चा
- भाजपा प्रत्याशियों के लिए पूर्व सांसद प्रदीप गांधी व विधायक दीपेश ने मांगा समर्थन

कांग्रेस प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगने जहां पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू पहुंचे थे, वहीं भाजपा की तरफ से पूर्व सांसद प्रदीप गांधी व विधायक दीपेश साहू ने जोर लगाया। नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस की नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी सुमन गोस्वामी व पार्षदों के पक्ष में बेमेतरा के सिंघौरी वार्ड में पूर्व गृहमंत्री साहू एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने सभा ली। उन्होंने सत्ता पक्ष की नाकामियों को रखते हुए कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां बताईं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में बेमेतरा शहर का बहुत विकास हुआ है। लेकिन, जब से भाजपा सत्ता में आई है, नगर में विकास थम सा गया है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के कार्यकाल में चारों ओर लूट मची हुई है। आम जनता की समस्याएं बढ़ गई हैं। शहर के विकास के लिए उन्होंने नगरवासियों से कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश राघव, टीआर जनार्दन, ललित विश्वकर्मा, प्रभारी महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा हितेंद्र साहू, जोगिंदर छाबड़ा, बसंत दास मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता व कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी व नगरवासी उपस्थित थे।

### पांच साल में कांग्रेस ने जनता की आशा के अनुरूप काम नहीं किया

इस बीच विधायक दीपेश साहू, प्रदेश मंत्री पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल सहित अनेक भाजपा नेताओं ने पार्टी प्रत्याशी विजय सिन्हा के समर्थन में नगर में रोड शो कर चुनाव प्रचार किया। साथ ही सिंघोरी वार्ड में सभा कर मतदाताओं से आशीर्वाद मांगा। रोड शो में प्रदेश सदस्य राजेंद्र शर्मा किसान नेता योगेश तिवारी, जिलाध्यक्ष अजय साहू, शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, भाजयुमो उपाध्यक्ष योगेश वर्मा भी शामिल हुए। सभा में भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को नई पहचान देकर आकाश की बुलंदियों तक पहुंचाया है। अब आपकी बारी है कि आप भाजपा के विजय सिन्हा को नगर पालिका अध्यक्ष पद पर जिताएं और भ्रष्टाचारी कांग्रेस को नगर से पूरी तरह उखाड़ फेंकें। वहीं, प्रत्याशी विजय सिन्हा ने कहा कि इस बार बेमेतरा की जनता हमारे विजन को देखेगी और भाजपा को समर्थन करेगी। पिछले पांच साल नगर में कांग्रेस काबिज रही है कभी जनता के आशानुरूप काम नहीं किए, आए दिन पालिका बैठक में विवाद की स्थिति बनती रही। रोड शो में भाजपा नेता हर्षवर्धन तिवारी राजेश शर्मा, आदित्य सिंह ठाकुर अमरीका निर्मलकर ,सतीश कसार, सुरेश पटेल, प्रवीण नीलू राजपूत, मनोज मिश्रा, योगेश साहू, प्रहलाद मिश्रा, किशोर गुप्ता, हिरेंद्र घृतलहरे, गोलू कोसले, विनय साहू, दीपक पांडे, पन्ना लाल निर्मलकर, नंदू गुप्ता, रामानंद त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नगर की सरकार बनाने महिला मतदाताओं की अहम भूमिका पुरुषों से ज्यादा है संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

**खास बातें**

- 1 नगर पालिका और 9 नगर पंचायतों सहित कुल 10 नगरीय निकायों में होना है चुनाव
- जिले की नगरीय निकायों में 36,577 पुरुष व 38,529 महिला सहित हैं कुल 75,106 मतदाता


आगामी नगरीय निकाय चुनावों के लिए बेमेतरा जिले में मतदाता सूची जारी कर दी गई है। जिले के 10 नगरीय निकायों में कुल 75,106 मतदाता पंजीकृत हुए हैं, जिनमें महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। यह एक सकारात्मक संकेत है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी निरंतर बढ़ रही है।

बेमेतरा जिले के 10 नगरीय निकायों में 1 नगर पालिका और 9 नगर पंचायतें शामिल हैं। मतदाता संख्या के आधार पर नगर पालिका परिषद बेमेतरा सबसे बड़ी निकाय है, जहां कुल 27,009 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 13,209 पुरुष और 13,800 महिला मतदाता हैं। जिले की कुल नगरीय निकायों की जनसंख्या 82,378 है, जिसमें 75,106 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 36,577 पुरुष और 38,529 महिला मतदाता शामिल हैं। यह आंकड़े इस बात का संकेत हैं कि बेमेतरा जिले में महिलाओं की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी पुरुषों से अधिक हो रही है। चुनाव की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं और निर्धारित तिथि पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होगा।

### नगर निकायों में मतदाताओं की संख्या

- नगर पालिका परिषद बेमेतरा : कुल जनसंख्या 28,536, कुल मतदाता 27,009 (पुरुष 13,209, महिला 13,800)
- नगर पंचायत दाढ़ीः कुल जनसंख्या 4,980, कुल मतदाता 4,155 (पुरुष 2,069, महिला 2,086)
- नगर पंचायत नवागढ़ः कुल जनसंख्या 10,541, कुल मतदाता 9,606 (पुरुष 4,705, महिला 4,901)
- नगर पंचायत साजाः कुल जनसंख्या 5,257, कुल मतदाता 4,858 (पुरुष 2,362, महिला 2,496)
- नगर पंचायत देवकरः कुल जनसंख्या 6,358, कुल मतदाता 5,511 (पुरुष 2,685, महिला 2,826)
- नगर पंचायत परपोड़ीः कुल जनसंख्या 3,741, कुल मतदाता 3,333 (पुरुष 1,615, महिला 1,718)
- नगर पंचायत थानखम्हरियाः कुल जनसंख्या 8,373, कुल मतदाता 7,907 (पुरुष 3,813, महिला 4,094)
- नगर पंचायत बेरलाः कुल जनसंख्या 5,165, कुल मतदाता 5,122 (पुरुष 2,454, महिला 2,668)
- नगर पंचायत कुसमीः कुल जनसंख्या 4,835, कुल मतदाता 3,991 (पुरुष 1,892, महिला 2,099)
- नगर पंचायत भींभौरीः कुल जनसंख्या 4,592, कुल मतदाता 3,614 (पुरुष 1,773, महिला 1,841)

# सीजीपीएससी में पंजीकृत 2149 में से प्रथम पाली में 1503 व द्वितीय में 1480 ने दी परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 का आयोजन 9 फरवरी को सफलतापूर्वक किया गया। बेमेतरा जिले में परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई, जिसमें जिले भर से अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया।

परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्था और अनुशासन की सख्त निगरानी की गई, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न हुई। प्रथम पाली सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित की गई, जिसमें प्रारंभिक सामान्य ज्ञान परीक्षा हुई। इस पाली में 2149 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 1503 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 646 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में दोपहर 3 से 05 बजे तक आयोजित एप्टीट्यूड टेस्ट में कुल 1480 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 669 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। बेमेतरा जिले में परीक्षा संचालन के लिए कुल 05 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनका निरीक्षण स्वयं जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा ने किया। कलेक्टर ने परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और यह सुनिश्चित किया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित छात्रों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक संसाधनों, जैसे पीने के पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की भी जानकारी ली। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन की ओर से विशेष उड़नदस्ता टीमों का गठन किया गया था, जो किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नकल की घटनाओं पर सख्त नजर रखे हुए थे। इसके अलावा, परीक्षा के सफल आयोजन के लिए संयुक्त कलेक्टर दीप्ति वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था, जिनकी देखरेख में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

- राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए थे 5 केंद्र
- कलेक्टर रणबीर शर्मा ने किया सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

# 18 साल बाद मिले स्कूल के भूतपूर्व शिक्षक एवं विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचभैया के भूतपूर्व छात्रों द्वारा मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचभैया में हुआ गुरु-शिष्य मिलन समारोह

यह आयोजन 18 साल बाद हुआ। इस कार्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2007-08 के प्राचार्य सहित शिक्षकों के साथ-साथ सभी छात्र एवं छात्राओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थित दी। भूतपूर्व छात्रों ने गुरुजनों को अपने बीच पाकर बहुत उत्साहित नजर आए। शिक्षकों ने बारी-बारी से सभी बच्चों से परिचय एवं उनके कार्य के बारे में भी जानकारी लिए। यह आयोजन में भूतपूर्व प्राचार्य जेएल वर्मा सहित शिक्षक के रूप में बहोरिक लाल साहू, ललित कुमार साहू, भागवत प्रसाद चन्द्रवंशी, धर्मेंद्र प्रसाद कौशल, चुम्मन चंद्राकर, गौकरण कुमार चंद्राकर, सुखचंद चंद्राकर, चुन्नी लाल, चंद्रभान ध्रुव छात्रों में ललित, नुतेश्वर, शिवनारायण, पूनम, विनय, बीरेंद्र, डुकेश्वर, कमलेश, शिव, वेदप्रकाश सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। समारोह के आयोजन में ललित साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

माह मार्च 2025

जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट

नोट : 1 मार्च से 31 मार्च तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 15 फरवरी 2025 तक जमा कर सकते हैं।

अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार

द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)

तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर

चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV

सांत्वना पुरस्कार: 1100

नियम व शर्तें लागू*

कार्यालय प्रति

पाठक का नाम ______ मो.नं. ______

पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______

स्थान ______ जिला ______

एजेंसी का नाम ______

एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव

पाठक का नाम ______ मो.नं. ______

पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______

स्थान ______ जिला ______

एजेंसी का नाम ______

एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

## खबर संक्षेप

### सेल्समैन अपना क्यूआर कोड लगा ग्राहकों से लेता रहा पेमेंट, गिरफ्तार



**रायपुर।** दुकान में काम करने वाला एक सेल्समैन अपने मालिक से धोखाधड़ी कर ग्राहकों से अपने बैंक खाते के क्यूआर कोड में राशि ट्रांसफर करता रहा। दुकान मालिक को जब हिसाब-किताब में गड़बड़ी लगी तब उसने जांच की तो पता चला कि उसकी दुकान के सेल्समैन दीपक यादव ने अपने बैंक खाते का क्यूआर कोड भी लगा रखा था। इस क्यूआर कोड में वह दुकान में खरीदारी करने आने वाले ग्राहकों से पेमेंट का भुगतान भी कराता था। दुकान के मालिक जितेश पटेल को जब इसकी जानकारी लगी तो उसने उसके विरुद्ध देवेंद्र नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### जिलाबदर आदेश का उल्लंघन, आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** जिलाबदर के आदेश की अवहेलना कर शहर में घूमने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिला दंडाधिकारी ने आशु क्षत्री निवासी वाल्मीकि नगर को 20 नवंबर 2024 को जिलाबदर करने का आदेश जारी किया था। इस आदेश के तहत आशु को रायपुर जिले एवं इससे लगे दुर्ग, धमतरी, महासमुंद व बलौदाबाजार जिले की राजस्व सीमाओं से निष्कासित किया गया था, लेकिन आरोपी इस आदेश का उल्लंघन कर 8 फरवरी को वाल्मीकि नगर में घूमते पाया गया, जिसे गिरफ्तार किया गया है। उसके विरुद्ध धारा- 223 बीएनएस, 15 छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### चाकू लेकर घूमते धरा गया बदमाश



**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में एक युवक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपी सुधांशु दीप उर्फ अभी दीप संजय गांधी नगर गुढ़ियारी का निवासी है। 8 फरवरी को वह मुर्रा भट्ठी मेनरोड पर सुलभ शौचालय के सामने बटन चाकू लेकर घूम रहा था। पुलिस ने सूचना पर आरोपी को मौके पर जाकर गिरफ्तार किया।

### जवानों का मार्च पास्ट और दी सलामी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रायपुर संभाग के संभागीय सेनानी, नगर सेना अनिमा एस. कुजूर द्वारा वार्षिक कार्यालय का निरीक्षण और किट-नेट निरीक्षण के दौरान जवानों द्वारा मार्च पास्ट और सलामी दी गई। साथ ही जवानों का सैनिक सम्मेलन किया गया, जिसमें जवानों ने अपनी समस्याओं के बारे में रूबरू कराया, जिसके निरकरण के लिए जवानों को आश्वासन भी दिया गया। जवानों को उच्चकोटि के अनुशासन में रहने तथा सजगता के साथ ड्यूटी करने की अपील की गई। इस निरीक्षण के दौरान नगर सेना, अग्निशमन एवं एसडीआरएफ के 191 जवान शामिल रहे। जिले के निरीक्षण के दौरान जिला सेनानी, नगर सेना एवं जिला अग्निशमन अधिकारी पुष्पराज सिंह उपस्थित रहे।

### वारंटी गिरफ्तार, दो किलो गांजा जब्त

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने एक वारंटी को गांजा के साथ पकड़ा है। आरोपी जोगी देवार निवासी डेरापारा रावांभाठा के विरुद्ध कोर्ट ने एक प्रकरण में गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। पुलिस ने उसकी तलाश करते हुए शनिवार को गिरफ्तार किया। इस दौरान उसके कब्जे से 2.162 किलोग्राम गांजा जब्त किया, जिसकी कीमत लगभग 21 हजार रुपए है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 20 (बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत भी अपराध पंजीबद्ध किया है।

# आ रही गर्मी मगर नहीं बदल पाया आंबेडकर अस्पताल का एसी, सप्लायर एजेंसी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठंड के मौसम में आंबेडकर अस्पताल के मरीजों सहित अन्य लोगों को सुविधा देने चालीस एसी खरीदारी अब तक पूरी नहीं हो पाई है और गर्मी आ रही है। खरीदी की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से पूरी की जानी है और इसके लिए सप्लायर एजेंसी मिलने का इंतजार किया जा रहा है। नए एसी पेइंग वार्ड, ट्रामा सहित अन्य स्थानों पर लगाने की योजना थी।

करीब तीन माह पहले आंबेडकर अस्पताल की स्वशासी समिति द्वारा केजुअल्टी, सीटीवीएस विभाग और पेइंग वार्ड में नया एसी लगाने की सहमति दी थी। इसमें बीमारी के इलाज के दौरान शुल्क देकर रहने वाले मरीजों की सुविधा के लिए 26 एसी लगाने स्वीकृति मिली थी। इसके साथ इमरजेंसी एंड ट्रामा में आपात स्थिति में आने वाले मरीजों और चिकित्सकों की सुविधा के लिए पुराने एसी को बदलने 9, कार्डियक सर्जरी विभाग की ओपीडी, वार्ड सहित अन्य स्थानों के लिए पांच एसी खरीदी करने के लिए सहमति दी गई थी। जानकारी के अनुसार विवादों से दूर रहने अस्पताल प्रबंधन द्वारा खरीदी की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से करना चाह रही है, मगर इसके लिए अब तक सप्लायर एजेंसी तय नहीं हो पाई है। सूत्रों के अनुसार पेइंग वार्ड सहित केजुअल्टी में लगे एसी काफी पुराने हो चुके हैं जो आए दिन खराब हो जाते हैं। ठंड के मौसम में बिना एसी के इलाज चल जाता है, मगर गर्मी के दिनों में केवल पंखे अथवा कूलर के भरोसे यहां इलाज कराना काफी मुश्किल हो जाता है।

## करीब तीन माह पहले चालीस नए एसी खरीदी को दी गई थी सहमति

### सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम नहीं

आंबेडकर अस्पताल का भवन काफी पुराना है, इसलिए यहां सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम की व्यवस्था नहीं की गई थी। उस दौरान अस्पताल का कामकाज पंखे और कूलर की मदद से पूरा हो जाता था। अब गर्मी लगातार बढ़ रही, जिसकी वजह से एसी की आवश्यकता बढ़ गई है। भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मेडिकल कालेज कैंपस में बनने वाले 700 बिस्तर के एकीकृत भवन को सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम की सुविधा वाला बनाया जाएगा।




### साइन बोर्ड की योजना भी लंबित

अस्पताल में दूर-दराज से आने वाले मरीजों को भवन के भीतर विभिन्न विभागों की अलग-अलग जानकारी देने के लिए अस्पताल में विभागों का साइन बोर्ड लगाने की योजना भी अब तक अधूरी है। इसकी वजह से की बार जरूरत होने पर मरीजों को इलाज के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। विभागों के बाहर ड्यूटी डाक्टर की जानकारी भी अब तक प्रदर्शित नहीं की जा सकी है।

## छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में बरामद हुए मोबाइल

# पुलिस ने ढूंढ निकाले गुम हुए 100 मोबाइल, जिनके थे उन्हें लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम हुए 100 मोबाइल पुलिस ने ढूंढ निकाले। इन मोबाइलों को रायपुर के साथ प्रदेश के दूसरे जिलों से लेकर कई दूसरे राज्यों में जाकर ढूंढ कर निकाला गया है। पुलिस ने बरामद सभी मोबाइल के मालिकों का पता लगाकर उन्हें इसकी सूचना देकर शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम बुलाया था, जहां सभी को उनके मोबाइल लौटाए गए। बरामद किए गए सभी मोबाइल की कुल कीमत 20 लाख रुपए आंकी गई है। इस तरह पुलिस की सक्रियता से लोगों को गुम हुए वे मोबाइल मिल गए, जिसके मिलने की उम्मीद ही छोड़ चुके थे।

**अब तक 2 करोड़ 85 लाख के गुम हुए मोबाइल ढूंढकर 1351 लोगों को सौंपे गए :** एसएसपी ने बताया कि वर्ष 2024 से लेकर अब तक कुल 1351 गुम हुए मोबाइलों को ढूंढ कर उनके मालिकों को लौटाया गया है। इस तरह कुल 2 करोड़ 85 लाख रुपए के मोबाइल लोगों को लौटाए जा चुके हैं।



### गुम हुए मोबाइल को जमा कराने पर पुलिस करेगी सम्मान

एसएसपी ने जिले की जनता से अपील की है कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में तत्काल **www.ceir.gov.in** पोर्टल में मोबाइल गुम होने के संबंध में जानकारी भेजें एवं अपने नजदीकी थाना या सायबर सेल से संपर्क करें, जिससे मोबाइल का किसी भी अपराध में उपयोग ना हो। अपने मोबाइल को हमेशा पासवर्ड प्रोटेक्टेड रखे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी का गुम हुआ मोबाइल साइबर सेल या सिविल लाइन पुलिस थाने में लाकर जमा कराता है, तो उसे पुलिस द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ सहित 6 राज्यों से बरामद किए गए मोबाइल

एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने बरामद किए गए मोबाइल को उनके मालिकों को वितरण के दौरान बताया कि पुलिस ने गुम हुए मोबाइल के ऑन होते ही उसका लोकेशन मिल जाता है। इस लोकेशन के आधार पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, झारखंड तथा बिहार राज्य में गुम हुए मोबाइल मिले हैं। मोबाइल के लोकेशन के आधार पर संबंधित राज्य और शहरों की पुलिस के माध्यम से जिनके पास मोबाइल थे, उनका पता लगाकर या मोबाइल पर सूचना देकर थाने बुलाकर मोबाइल जमा कराने कहा गया। जो लोग थाने नहीं पहुंचे, उनके ठिकाने का पता लगाकर उनसे मोबाइल बरामद किए गए। इसके बाद थानों में जमा मोबाइल कोरियर से रायपुर मंगाए गए, जिसके बाद उनके मालिकों का पता लगाकर उन्हें मोबाइल सौंपे गए।

## स्पेशल ट्रेनों में जोड़े अतिरिक्त कोच

# महाकुंभ : भीड़ कम करने सारनाथ एक्सप्रेस के मार्ग में किया परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रयागराज महाकुंभ में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं की संख्या अब भी हजारों में बनी हुई है। इसके परिणामस्वरूप ट्रेनों में भीड़ कम नहीं हो रही है। इस भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनों के परिचालन को बढ़ा दिया है। इन स्पेशल ट्रेनों का लाभ रायपुर समेत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों के यात्रियों को मिल रहा है। इन अतिरिक्त ट्रेनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को कुंभ मेला जाने और वहां से लौटने में सहूलियत हो रही है। अभी तक दर्जन से अधिक कुंभ स्पेशल ट्रेनों की घोषणा जोन के यात्रियों के लिए रेलवे कर चुका है। अब उत्तरप्रदेश जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन करने के साथ अतिरिक्त कोच भी लगाया है।

**सारनाथ एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तित:** कुंभ मेले के कारण गाड़ी संख्या 15160/15159 दुर्ग-छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन का मार्ग बदल दिया गया है। 11 फरवरी 2025 को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 15160 और 12 फरवरी 2025 को छपरा से चलने वाली गाड़ी संख्या 15159, अब प्रयागराज स्टेशन के बजाय प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर जाएगी। यह ट्रेन अब अपने निर्धारित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज जंघई-वाराणसी-ओडीहार के स्थान पर नया परिवर्तित मार्ग माणिकपुर-प्रयागराज छिवकी-ज्योनाथपुर-वाराणसी-जौनपुर औड़िहार होकर अपने गंतव्य तक जाएगी।



### विशाखापट्टनम और गोरखपुर के बीच अतिरिक्त फेरों की सुविधा

रेलवे प्रशासन ने प्रयागराज महाकुंभ मेला में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशाखापट्टनम-गोरखपुर-विशाखापट्टनम कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन के परिचालन को विस्तार देने का निर्णय लिया है। अब यह ट्रेन दो अतिरिक्त फेरों के साथ चलेगी। 08588 विशाखापट्टनम-गोरखपुर कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन 10 और 22 फरवरी को विशाखापट्टनम से रवाना होगी, जबकि 08587 गोरखपुर-विशाखापट्टनम कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन 13 और 25 फरवरी को गोरखपुर से चलेगी। इस ट्रेन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायगढ़, चांपा, बिलासपुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल और उमरिया स्टेशनों से भी कुम्भ स्नान के लिए यात्रा की सुविधा उपलब्ध होगी।

### रायपुर-टूंडला एक्सप्रेस में अतिरिक्त एसी-3 कोच

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा रायपुर-टूंडला-रायपुर कुंभ स्पेशल एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 08753/08754) में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच अस्थायी रूप से जोड़ा जा रहा है। यह सुविधा 09 फरवरी 2025 को गाड़ी संख्या 08753 रायपुर-टूंडला स्पेशल एक्सप्रेस में और 10 फरवरी 2025 को गाड़ी संख्या 08754 टूंडला-रायपुर स्पेशल एक्सप्रेस में उपलब्ध रहेगी।

# झुग्गीवासियों को मालिकाना हक देने की सरकार से मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ बृजमोहन के बयान पर झुग्गी नेता भगवानू नायक ने दी प्रतिक्रिया

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर पूर्व मंत्री व सांसद रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने झुग्गी वासियों को जो जिस स्थान में निवासरत है उसी स्थान का पट्टा देने और मकान बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास के तहत राशि देने की घोषणा की है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता, झुग्गी नेता अधिवक्ता भगवानू नायक ने इस पर प्रतिक्रिया दी है कि हर चुनाव में झुग्गी वासियों का वोट हासिल करने के लिए पट्टा देने की घोषणा की जाती है, लेकिन चुनाव जीतने के बाद सत्ता दल अपना वादा भूल जाती है।

वर्ष 1984 में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की सरकार के द्वारा झुग्गी वासियों को 30 साल के लिए पट्टा वितरण किया गया था, जिसका समयावधि वर्ष 2014 में पूरा हो गया। उक्त अवधि के पश्चात शासन के द्वारा उक्त पट्टों का ना ही नवीनीकरण किया जा रहा है और ना नामांतरण। अनेक गरीब झुग्गी वासी हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है और ना ही किसी प्रकार का लोन मिलने के कारण झुग्गी वासी परेशान है।

उन्होंने कहा वही तत्कालीन भूपेश सरकार द्वारा नजूल भूमि में रहने वाले पट्टाधारियों को 2 प्रतिशत राशि जमा करने पर फ्री होल्ड योजना के माध्यम निजी स्वामित्व प्रदान करने योजना लाई थी, जिसमें भी 50-60 वर्षों से शासकीय भूमि में काबिज पट्टाधारी गरीब झुग्गीवासियों को मालिकाना हक का लाभ नहीं मिल सका। उन्होंने कहा, राजधानी रायपुर में विगत लगभग 60-70 वर्षों से शासकीय भूमि में एक ही स्थान में काबिज अनेक गरीब झुग्गी वासियों को आज भी पट्टा नहीं मिला है और जिन्हें पट्टा मिला उनको आज तक मालिकाना हक नहीं मिला है। उन्होंने शासकीय भूमि में काबिज सभी गरीब झुग्गी वासियों को मालिकाना हक देने की मांग सरकार से की है।

# भूपेश ने कहा- पिछले एक साल में भाजपा की सरकार ने हर वर्ग को दिया धोखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा अवसर आ गया कि वादाखिलाफ़ी वाली भाजपा सरकार से हिसाब लेने का। पिछले एक साल में भाजपा की सरकार ने हर वर्ग को धोखा दिया। किसान, युवा, आदिवासियों, अनुसूचित जाति, ओबीसी, सामान्य हर वर्ग के कल्याण के लिये कांग्रेस सरकार जो योजना चलाती थी भाजपा ने सब बंद कर दिया। चुनाव देख कर फिर से महतारी वंदन का फार्म भरवा रहे हैं, एक साल में एक भी आवास नहीं बनाया। अब लोगो को धोखा देने प्रधानमंत्री आवास का फार्म भरवा रहे है। एक साल में न महतारी की याद आई और न आवासहीनों की याद आई। भाजपा के अहंकार को तोड़ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान करे।

राजेंद्र नगर में रायपुर के महापौर प्रत्याशी दीप्ति दुबे और वार्डो के कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने की अपील करते हुए उन्होंने कहा, नगर निगम चुनाव महत्वपूर्ण है। आप लोग विधायक, सांसद चुनते हैं, लेकिन आपके रोजमर्रा के काम पार्षद और मेयर करते हैं। पांच साल में जब हमारी सरकार थी और अब भाजपा की सरकार है दोनों की तुलना करो। हमने गरीबों का राशन कार्ड बनाया, मुफ्त इलाज की सुविधा शुरू किया, बिजली बिल सस्ता किया, 12 महीने से राशन कार्ड नहीं बना रहा। छत्तीसगढ़ के लोगो के लिए जो भी योजनाएं हमने शुरू की थी, इन्होने सब बंद कर दिया। बेरोजगारी भत्ता बंद कर दिया, बिजली बिल हाफ बंद कर दिया, महतारी वंदन में महिलाओं को ठग रहे 1000 दे रहे बाकी मंहगाई बढ़ा दिया। जीएसटी लगाकर गरीब को लूट रहे, स्मार्ट कार्ड से इलाज बंद कर दिया। छत्तीसगढ़ के तीज त्योहारों का हमने जो सम्मान दिया उसको भी बंद किया।



### देश के नागरिकों की नहीं कर पा रहे रक्षा

केंद्र की मोदी सरकार देश के नागरिकों के मान-सम्मान की रक्षा नहीं कर पा रही। हमारे लोग अमेरिका गये थे कोई अपराधी नहीं थे। अमेरिकी सरकार ने उनको बेड़ी, हथकड़ी लगा कर वापस भेजा, विश्वगुरू मौन रहे। हमारे प्रवासी भारतीय ऐसा कौन सा गुनाह किये थे उनको हथकड़ियो और बेड़ियो में जकड़कर अमेरिकी सेना अमेरिका के सेना के विमान से यहां लाया जाता है, आखिर सेना के विमान को यहां उतरने की अनुमति सरकार ने क्यों दी, मैं सरकार से पूछना चाहता हूं? हमारे देश के विमान से यहां ला लेते, सम्मान से ला लेते। कोलंबिया का एक उदाहरण है वहां के राष्ट्रपति ने अमेरिकी सेना के जहाज को अपने देश में उतरने नहीं दिया वापस भेजा और सह सम्मान खुद के विमान अपने नागरिकों को लाये और एयरपोर्ट में उन्होंने बकायदा स्वागत भी किया।

# प्रयागराज की फ्लाइट का फेयर अभी आसमान पर

## अंतिम सप्ताह में होगा सामान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाकुंभ की वजह से आसमान पर पहुंच चुके रायपुर-प्रयागराज के एयर फेयर में अभी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। सीधी फ्लाइट फुल होने की वजह से टिकट नहीं मिल रहा है तो व्हाया दिल्ली अथवा दूसरे शहर का किराया 25 हजार तक पहुंच गया है। सीधी फ्लाइट में पांच से छह हजार के खर्च में यात्रा माह के अंतिम दिनों में ही संभव है।

रायपुर से प्रयागराज के लिए नियमित रूप से इंडिगो की एकमात्र फ्लाइट संचालित होती है। सामान्य दिनों में पांच से छह हजार के किराए में भी इस फ्लाइट को 50 से 70 फीसदी यात्री मिलते है मगर कुंभ की शुरुआत होने के बाद इस विमान का किराया आसमान में पहुंच चुका है। अपनी यात्रा पूरी करने के लिए लोग 20 हजार तक खर्च करने को तैयार है मगर नियमित और सीधी फ्लाइट में टिकट नहीं मिल रहा है। गंगा में पुण्य स्नान के लिए लोग दिल्ली सहित अन्य शहरों की फ्लाइट में सफर कर रहे हैं जिसके लिए उन्हें और ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। अजय ट्रैवहल्स के संचालक एवं ट्रैवहल्स एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रमन जादवानी के मुताबिक इस सेक्टर की उड़ान का किराया फरवरी के अंतिम सप्ताह में सामान्य हो जाएगा। महाशिवरात्रि के बाद कुंभ का समापन होगा इसके बाद वहां से आवाजाही करने वाले यात्रियों की संख्या सामान्य हो जाएगी।



■ सीधी उड़ान की फ्लाइट फुल, व्हाया यात्रा का किराया 25 हजार तक

■ कुंभ की शुरुआत होने के बाद इस विमान का किराया आसमान में पहुंच चुका

## रायपुर निगम ने 6 साल में आठ बार किया टेंडर, इसमें सिर्फ लाइसेंसी दुकानों की हुई बुकिंग

# निगम की 208 दुकानों को कोई लेने तैयार नहीं, सुधार से पहले सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के अलग-अलग 32 प्राइम लोकेशन पर खाली पड़ी 208 दुकानों को लीज पर देने के लिए निगम ने विगत 6 साल में 8 बार टेंडर किया। इसके बाद भी कोई इन्हें लीज पर लेने के लिए तैयार नहीं है। इसे देखते हुए निगम के बाजार विभाग ने जोन लेवल पर सर्वे करवाने के बाद अब सुधार करवाने का मन बनाया है। इसके साथ ही अधिकारी अब लीज प्रक्रिया में बदलाव की जुगत भी लगा रहे हैं।

स्मार्ट सिटी में निगम ने विभिन्न मार्गों पर व्यावसायिक बाजार डेवलप करने के बाद कमाई बढ़ाने के लिए प्रयास तो किया है, लेकिन इनमें सात मार्केट की दुकानें खाली पड़ी हैं। सूत्रों ने बताया कि निगम ने जिन दुकानों को लाइसेंसी प्रक्रिया के तहत व्यापारियों को देने की मुहिम चलाई, उसे लोगों ने ले लिया है। वहीं जिन दुकानों को लीज पर देने के लिए 6 साल में आठ बार टेंडर किया, वे अभी वीरान पड़ी हैं। इनमें से जयस्तंभ चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में विकसित किया गया हाल शामिल है। इनसे कमाई की उम्मीद में निगम के पास बार-बार टेंडर निकालने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा। इसके बाद भी कोई रिस्पांस नहीं मिल रहा हैं। इसे देखते हुए बाजार विभाग ने जोन स्तर पर सर्वे करवाने के बाद बताई गई खामियों को सुधारने के साथ ही लीज प्रक्रिया में बदलाव की तैयारी में है।



### सर्वे किया गया है, करवाएंगे सुधार

*जिस-जिस लोकेशन की दुकानें खाली हैं, उनको लीज पर देने की प्रक्रिया में सुधार भी होगा। चुनाव के बाद बताई गई खामियों को सुधारने से पहले वस्तुस्थिति भी जांची जाएगी।*

*- अंजली शर्मा, उपायुक्त बाजार विभाग, नगर निगम, रायपुर*

### यहां बनवाई गई दुकानें खाली


शहर में निर्मित मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की 948 में से 100 दुकानों को 10 साल की लीज पर देने की मुहिम में सफल नहीं हुआ। वहीं जवाहर बाजार की 168 में से 16 दुकानों को व्यापारी रिस्पांस नहीं दे रहे हैं। क्रिस्टल आर्केट और मोहबा बाजार के पास विकसित किए गए मार्केट में भी 31 में से 23 दुकानें विरान है। अग्रसेन चौक मंगलम भवन के पास 88 में से 05 दुकानें खाली हैं। गांधी मैदान की 84 में से 62 दुकानें वर्षों से टेंडर का हिस्सा हैं। कंकालीपारा में एक दुकान तो जयस्तंभ चौक स्थित मल्टी लेवल पार्किंग का हाल भी खाली है।

### खाली दुकानों को रिस्पांस नहीं

शहर में दुकानों को लेने में लोग रुचि क्यों नहीं ले रहे हैं, इसकी वजह जांचने पर पता चला कि निगम ने लीज की राशि अलग-अलग क्षेत्र के लिए लाखों रुपए तय की हैं। इससे कम लागत में व्यावसाय करने की इच्छा रखने वाले मार्केट की खाली दुकानों को रिस्पांस नहीं दे रहे हैं, क्योंकि उससे कम दर पर उन्हें किराए की दुकान आसानी से मिल रही है। इसके चलते वे निगम के द्वारा विकसित किए गए बाजार में जाने से बच रहे हैं। इसे देखते हुए जिम्मेदारों ने मार्केट की उन दुकानों को व्यवस्थित करने के साथ ही लीज प्रक्रिया में सुधार का मन बनाया है।

### ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, दर्दनाक मौत

**रायपुर।** लभांडी के पास एक ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना दोपहर की है। तेलीबांधा पुलिस के अनुसार मृतक रमेश जोशी निवासी लभांडी तेलीबांधा स्थित किसी मॉल में काम करता था। दोपहर में वह खाना खाने घर गया था। वापस जब वह ड्यूटी पर जा रहा था, तभी उसकी बाइक को पीछे से एक ट्रक ने तेज रफ्तार में टक्कर मार दी, जिससे रमेश बाइक से सड़क पर जा गिरा। सड़क पर गिरते ही उसका सिर ट्रक के चक्के के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक ट्रक सहित फरार हो गया। पुलिस घटना के बाद सीसीटीवी कैमरों की मदद से ट्रक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।



## खबर संक्षेप



### बीएसपी को मिला गोल्डन पीकॉक एक्सीलेंस अवार्ड

**भिलाई।** बीएसपी को स्टील उद्योग में मानव संसाधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुंबई में गोल्डन पीकॉक एचआर एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और सह-अध्यक्ष उदय उमेश ललित ने बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार को यह पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष कोयला, खान और इस्पात पर संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष व पूर्व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और पीवीएसएम एवीएसएम (सेवानिवृत्त), पूर्व उप सेना प्रमुख, पूर्व अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल सुरिंदर नाथ सहित अन्य जूरी सदस्य उपस्थित थे।कार्यक्रम में ईडी पवन कुमार,महाप्रबंधक एच शेखर, वरिष्ठ प्रबंधक एन विजयन व बीएसपी की टीम ने अपनी एचआर पहलों पर एक प्रस्तुति भी दी। यह पुरस्कार व्यवसाय के प्रति जिम्मेदारी, सतत उत्कृष्टता और सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और सह-अध्यक्ष (इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स, इंडिया) यूयू ललित की अध्यक्षता में, पुरस्कार निर्णायक मंडल ने बीएसपी को 2024 के लिए इस प्रतिष्ठित पुरस्कार का विजेता घोषित किया।

### चेक बाउंस मामले में आरोपी को सजा

**भिलाई।** दुर्ग कोर्ट ने चेक बाउंस मामले में आरोपी को एक साल की सजा दी है। आरोपी एस. नागेंद्र राव निवासी सेक्टर 7 को न्यायिक मजिस्ट्रेट ,प्रथम श्रेणी दुर्ग विवेक नेताम की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। आरोपी राव को परिवादी श्रीमती सरोज चौबे पति विनोद चौबे ने जरूरत के लिए 6 लाख 90 हजार रुपए उधार दिए थे। उधारी के एवज में आरोपी राव ने सरोज चौबे को चेक दिया था। चेक लगाने पर वह बैंक से बाउंस हो गया। कोर्ट ने आरोपी राव को एक साल साधारण कारावास व 10 लाख रुपए प्रतिकर राशि देने का फैसला दिया है। आरोपी व परिवादी दोनों पड़ोसी थे।

### विद्यानगर में 26 को निकलेगी भोले बाबा की बारात

**रायपुर।** महाशिवरात्रि पर्व पर विद्यानगर नवयुवक गणेशोउत्सव



समिति द्वारा 26 फरवरी को धूमधाम से भगवान शिव की बारात निकाली जाएगी। इस बारात में पूरे रायपुर जिले के शिवभक्त बड़ी संख्या में शामिल होंगे। समिति के अध्यक्ष हानेश्वर दीवान ने बताया कि यह कार्यक्रम विद्यानगर समिति द्वारा विगत 8 वर्षों से बड़े धूमधाम से मनाया जाता है, इसकी तैयारी महीनेभर से की जा रही है। महाशिवरात्रि का पर्व विद्यानगर के समस्त परिवार, उत्कल समाज की रीति-नीति, परंपरा से करते हैं। यह इसकी अलग पहचान है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 24 फरवरी से शुरू हो जाएगा।

# मैत्रीबाग चिड़ियाघर में परीक्षा के लिए रीचार्ज हो रहे नौनिहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

ट्विनसिटी के साथ आसापस से सैरसपाटे के लिए पहुंची स्कूली बच्चों की पिकनिक टीम नौनिहालों को परीक्षाओं के पूर्व रीचार्ज होने के लिए मैत्रीबाग पावरहाउस साबित हो रहा है। इन दिनों चिड़ियाघर ट्विनसिटी के साथ अंचल के स्कूली बच्चों से गुलजार है। रंगबिरंगी यूनिफार्म उछल कूद करते बच्चे आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में ट्विनसिटी के साथ आसपास के स्कूलों के बच्चे पिकनिक मनाने आ रहे हैं। बसों में शिक्षिकाओं के साथ सैरसपाटे के लिए पहुंचे बच्चों से मैत्रीबाग की रौनक बढ़ गई है। भिलाई दुर्ग के अलावा धमतरी, बेमेतरा, बालोद, गुंडरदेही, नगरी आदि शहरों के स्कूलों बच्ची की पिकनिक टीम मैत्रीबाग में अलग अलग समूहों में एंजाय कर रही है। बच्चे अपने साथ टिफिन के साथ खेल कूद के सामान भी लेकर पहुंचे हैं। शिक्षिकाओं के साथ चिड़ियाघर में वन्य प्राणियों को करीब से देख बच्चों का रोमांच देखते ही बनता है। बच्चे जानवरों व परिंदों के कैज के सामने मोबाईल से सेल्फी भी ले रहे हैं। झील में बोटिंग के रोमांच के बाद मिनी ट्रेन की सैर भी कर रहे हैं। डाल्फिन स्कूल धमतरी के बच्चे पहली बार मैत्रीबाग पहुंचे हैं। सोनल, परी, राहुल और रिद्धिमा बताते हैं कि टीवी पर टाईगर व लायन और बीयर देखे थे। यहां इतने पास से इन एनिमल्स को देख बहुत खुशी हो रही है। बालोद स्कूल के राकेश, ट्विंकल और सरस्वती बताते हैं कि पहली बार पिकनिक पर मैत्रीबाग आकर अच्छा लग रहा है। अब एक्जाम अच्छा जाएगा।

**ट्विनसिटी के साथ अंचल से पहुंच रही स्कूली बच्चों की पिकनिक टीम**



### बच्चों के साथ शिक्षिकाएं भी थिरक रहीं

सैरसपाटे के लिए मैत्रीबाग आए स्कूली बच्चे खासे खुश हैं। झूले, बोटिंग और आकर्षक परिंदों व जानवरों के नजारे के बाद उनका कल्चरल सेशन मैत्रीबाग पहुंचे आम पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। दो तीन स्कूली टीमें अपने साथ डेक और स्टीरियो सिस्टम लेकर भी पहुंचे है। बच्चे सिंगिंग और डांसिंग कर अपने टूर को यादगार बना रहे हैं। बच्चों के साथ डांस करती शिक्षिकाएं भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

## ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ भारी वाहनों को प्रतिबंधित करने की मांग

# टाउनशिप में जानलेवा साबित हो रहा भारी वाहनों का प्रवेश, दुर्घटनाओं में वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के गेटों के सामने और सड़कों पर ट्रैफिक जाम और भारी वाहनों से बढ़ रही दुर्घटनाओं को लेकर सजगता के लिए यूनियनें एकजुट हो रही हैं। प्रबंधन की उदासीनता को देखते हुए सीटू ने आईजी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए बेहतर पार्किंग स्थल बनाने और शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित करने की मांग की है।

यूनियन के कई बार पत्र देने और अनेक मंचों पर शहर की सड़क सुरक्षा को दुरुस्त करने एवं बाहरी भारी वाहनों के आवाजाही पर रोक लगाने की मांग करने के बावजूद बीएसपी के टालने वाले रवैया के कारण सीटू पुलिस और प्रशासन की मदद लेकर स्थितियों को दुरुस्त करने का प्रयास किया। प्रबंधन के सड़क सुरक्षा को लेकर नकारात्मक रवैया पर रोक लगे एवं स्थितियों को सुधारा जा सके। सीटू ने आईजी राम गोपाल गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अल्कजेंडर किरो से मुलाकात कर पत्र देकर ट्रैफिक व्यवस्था परचर्चा की ।

यूनियन के मुताबिक रोड जाम की समस्या को लेकर प्रबंधन को पत्र देने के 1 वर्ष बीतने के बाद भी बोरिया गेट, मेन गेट एवं खुर्सीपार गेट जाने वाले सड़कों पर ट्रकों की दो-दो, तीन-तीन लेन पार्किंग कर दी जाती है जो काफी खतरनाक एवं नियम विरुद्ध है सड़क पर 24-24 घंटे भारी वाहन को पार्किंग करके रखा जाता है जबकि इसके पूर्व में प्रबंधन से कई बार चर्चा करने पर उन्होंने बीएसपी के अंदर प्रवेश करने वाले भारी वाहनों को बेहतर पार्किंग स्पेस उपलब्ध कराकर एक-एक वाहन को अंदर भेजने की बात कही थी लेकिन इस पर अभी तक कुछ नहीं किया गया। प्रबंधन ने बोरिया गेट में एक और अतिरिक्त गेट का जल्द निर्माण किए जाने की सहमति दी थी। लेकिन अब तक नहीं बना है।

**आईजी, एएसपी ट्रैफिक से सीटू ने की चर्चा**



### टोल बचाने बीएसपी क्षेत्र में घुस रहे भारी वाहन

मरोदा की तरफ से भिलाई शहर में आने वाले भारी वाहनों में जगदलपुर से आयरन और, सेलूद से गिट्टी, धमतरी से रेत लेकर आने वाली वाहन होती है वही अन्य वाहन जैसे धान भूसा अन्य माल वाहक होती हैं या सभी वाहन टोल टैक्स बचाने के चक्कर में बीएसपी की सड़कों का इस्तेमाल करती है । इससे लगातार दुर्घटनाएं हो रही है, जिसमें जान तक जा चुकी है आने वाले दिनों में और बड़ी दुर्घटनाएं होने की आशंका है। जिन पर सख्ती से रोक लगाया जाना जरूरी है।

### बड़े डिस्प्ले बोर्ड लगाए प्रबंधन और प्रशासन

कर्मियों के सुरक्षित ड्यूटी आने जाने के लिए भारी वाहनों को प्रतिबंधित किया गया था । यह समय भारी वाहनों के लिए नो एंट्री का रहता है लेकिन इसी दरमियान बाहरी वाहन जिन्हें नो एंट्री समय का ज्ञान नहीं है वो धड़ल्ले से नो एंट्री समय में चल रहे हैं और कई बार रोक कर पूछने पर कहते हैं कि नो एंट्री का बोर्ड हमें कहीं पर दिखा नहीं है । जगह-जगह छोटे बोर्ड लगे हैं जो दिखते ही नहीं है इसकी जगह बड़े बोर्ड लगाया जाए या गेट नुमा बनाकर उनमें सावधान, नो एंट्री का समय एवं संयंत्र से कोई सरोकार न रखने वाले भारी वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित करते हुए बड़े अक्षरों में होर्डिंग अथवा बोर्ड लगाया जाए।

**पंथी चौक एवं अलग-अलग जगह में हुई** सड़क दुर्घटनाओं में मौत होने के बाद सीटू द्वारा आईजी एवं एसपी को चिट्ठी दिए जाने के बाद टाउनशिप में सुबह 6 से लेकर रात को 9 बजे तक भारी वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है एवं वहां पर सुबह 6 बजे से रात को 9 बजे तक एक जवान की तैनाती कर दी गई है लेकिन इसके बाद भी निजी भारी वाहन चोरी छुपे जेपी चौक होते हुए सुपेला अंडर ब्रिज की तरफ जा रहे हैं। रिसाली मार्केट तालपुरी बी ब्लॉक के पीछे से शहर के बीच में प्रवेश कर रहे हैं। इससे स्थितियां और भी खतरनाक हो गई हैं। सीटू ने चालानी कार्रवाई की मांग की।

**कबाड़ी से 20 लाख का सामान जब्त**

# कबाड़ी पिता-पुत्र समेत तीन को पुलिस ने पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

शहर का कुख्यात कबाड़ी और उसके पुत्र समेत तीन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों के खिलाफ पुलिस ने धारा 316, 317(4), 324(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि उम्दा जरवाय भिलाई तीन स्थित आरएस स्टील में कबाड़ी आर्य नगर कोहका, रिलायंस टायर के पास रहने वाला प्रेम साहू के द्वारा अवैध रूप से कटिंग कार्य के लिए सामान एकत्रित किया था। पूर्व में भी कुछ ट्रकों की कटिंग किए जाने की सूचना एसपी दुर्ग को मिली थी। आरएस स्टील यार्ड में भिलाई तीन पुलिस ने दबिश दिया। जहां से ट्रक सीजी 04 एच. आर. 4551 का डाला को गैस कटर से काटा जा रहा था। तीन अन्य ट्रक भी कटिंग के रखा गया था। यार्ड में पूर्व से मौजूद एक टैंकर बाहन की टंकी भी पड़ी मिली। जिसे भी काटकर अलग कर लिया गया था। कबाड़ कारोबारी प्रेम साहू को तलब करने पर कबाड़ रखने, वाहन कटिंग को लेकर वैध अनुज्ञा, दस्तावेज की मांग पुलिस ने किया। लेकिन उसके पास किसी भी प्रकार का दस्तावेज नहीं मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई कर दिया। प्रेम साहू का पिता ललित साहू पुराना कबाड़ी है। जो कबाड़ व्यवसाय लाइसेंस पर काम करता है। संदेह होने पर पुलिस ने कटे हुए ट्रक के बारे में जानकारी ली। तब पता चला कि वाहन भाटापारा जिला बलौदा बाजार निवासी विक्रमजीत सिंह बाली का है। विक्रमजीत सिंह द्वारा

- कबाड़ की अवैध कटिंग की जा रही थी

उक्त वाहन को फौजी नगर जामुल निवासी रविदास मानिकपुरी को 9 लाख रुपए रूपये में बेचना स्वीकार किया। जिसका 4 लाख रुपए मिल चुका है लेकिन 1 लाख लाख रूपये शेष था। बचे रुपए को रविदास फायनेंस कराया था। रविदास मानिकपुरी द्वारा ट्रक को प्रेम साहू के यार्ड में कटिंग के लिये छोड़ दिया था। आरोपियों के यार्ड से ट्रक 4, ट्रक के इंजन 6, टायर 28, डिस्क 28, टोचन 1, मशीन हाइड्रा 1 नग, इंडस्ट्रीयल गैस 7 , एल.पी.जी गैस नग, गैस कटर जब्त किया गया है। उक्त सामनों की कीमत 20 लाख रुपए आंकी गई है।

# समाज की बेटी की मौत को लेकर एबीयूएस ने आईजी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

समाज की बेटी सुपेला निवासी माया तांडी की दल्ली राजहरा जिला बालोद सुसराल में बीते दिनों संदग्धि परस्थिीतियों में हुए मौत

- परिजनों को मिला निष्पक्ष जांच का आश्वासन

मामले में निष्पक्ष जांच और कार्यवाही की मांग को लेकर अखिल भारतीय उड़िया समाज के प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी के नेतृत्व में परिवार के लोग आईजी रामगोपाल गर्ग से मुलाकात किया। इस दौरान आईजी ने सीएसपी चित्रा वर्मा को कॉल लगाकर घटना की जानकारी भी लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच होगी और अगर गलत हुआ है तो इससे जुड़े लोगों पर कार्रवाई भी किया जाएगा। इसके अलावा समाज ने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन से भी घटना को लेकर अवगत कराया गया है। उन्होंने भी प्रदेश के गृह मंत्री से बातचीत कर कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। अखिल भारतीय उड़िया समाज लगातार समाज से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रख समाज को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान महासचिव तरुण निहाल समेत मृतका के परिजन भी मौजूद थे।



# महिलाएं ड्राइविंग सीखकर अपने पैरों पर हो रहीं खड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

महिला सशक्तिकरण के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र ने \/"ड्राइविंग और ट्रैफिक रिसर्च संस्थान, प्रशिक्षण केंद्र, नवा रायपुर (आईडीटीआर)\/" के साथ मिलकर महिलाओं को निःशुल्क लाइट मोटर वाहन ड्राइविंग प्रशिक्षण प्रदान कर कर रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करना है।

आईडीटीआर के सहयोग से महिलाओं को ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे उन्हें वाहन चलाने का आत्मविश्वास मिल रहा है। प्रशिक्षण में महिलाओं को सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक नियम, वाहन चलाने की तकनीक और वाहन का रखरखाव सिखाया गया। इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च परिवहन विभाग, छत्तीसगढ़ सरकार और मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के बीच एक संयुक्त उद्यम है। यह छत्तीसगढ़ राज्य में पेसेंजर और कमर्शियल वाहन चालकों को सुरक्षित प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया है। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र का शुभारंभ 20 मई 2024 को हुआ था। इस प्रशिक्षण के तहत अब तक बीएसपी के सीएसआर विभाग ने 3 बैच भिलाई में तथा एक बैच रायपुर में आयोजित किया है। ड्राइविंग प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रत्येक बैच में 16 महिलाओं को चयनित किया जाता है। सीएसआर विभाग के सेक्टर 5 कार्यालय में कार्यपालक निदेशक कुमार ने इस प्रशिक्षण के पहले बैच का उद्घाटन किया था। डीआईजी प्रतिभा अग्रवाल ने महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा किहम महिलाओं पर कई जिम्मेदारियां होती हैं, विशेषकर बच्चों की शिक्षा और संस्कार की। रिसाली निगम की आयुक्त मोनिका वर्मा ने प्रशिक्षु महिलाओं से अपील की कि वे पूरी एकाग्रता से ड्राइविंग सीखें ताकि वे अपने जीवन को बेहतर बना सकें।

# सरकारी जमीन को बेचकर खाते में रुपए ट्रांसफर करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** सरकारी जमीन को बेचकर रुपए को खाते में ट्रंसफर करने वाला फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि खसरा न0 5407/7 रकबा 0.023 हेक्टेयर जोन 2 वार्ड 14 बाबादीप सिंह नगर के सरकारी जमीन को बेचकर मिले रुपए को खाते में ट्रांसफर करने वाला शाति नगर दशहरा मैदान सुपेला निवासी कार्तिक शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कार्तिक शर्मा ने जमीन का फर्जी रजिस्ट्री पेपर तैयार कर उसे बेचा था। इस मामले में पुलिस ने अब तक कुल 10 आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। मामले में पुलिस ने एन धनराजू जमानत पर है। जिसे कैंसल करने में जुटी हुई है। इसके अलावा पुलिस संतोष नाथ उर्फ जलंधर की तलाश में जुटी हुई है। गौरतलब हो कि पुलिस ने अतिरिक्त तहसीलदार क्षमा यदु की शिकायत पर खसरा न0 5407/7 रकबा 0.023 हेक्टेयर जोन कमांक 2 वार्ड न0. 14 बाबादीप सिंह नगर की सरकारी जमीन को बेचने के मामले में शिकायत किया गया था।




नगर पंचायत साजा
बाबा रामदेव वार्ड, वार्ड क्र.-8 से
पार्षद पद के लिए राजू शर्मा को
कमल छाप पर
बटन दबाकर
भारी मतों से विजयी बनावें।
मतदान तिथि- 11-02-2025,
दिन-मंगलवार
समय- सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक
विनीत- समस्त मतदातागण, बाबा रामदेव वार्ड क्रमांक- 08, नगर पंचायत साजा


**अध्यक्ष लोगों को पहले गुमराह करता रहा कि निगम कटवा रहा है पेड़**

# उद्यानों के पेड़ कटवाने के मामले में स्मृति नगर सोसाइटी के अध्यक्ष को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

स्मृति नगर सोसायटी द्वारा स्मृति नगर में अंबेडकर उद्यान एवं शंकराचार्य उद्यान में हरे भरे पेड़ों को काटने के मामले में स्मृतिनगर सोसायटी अध्यक्ष को जोन कमिश्नर ने शनिवार को नोटिस भेजा है। नोटिस में तीन दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। नोटिस में कहा गया है कि लोगों को पेड़ कटाई की गलत जानकारी दी। यह कहा कि भिलाई निगम द्वारा पेड़ कटवाए जा रहे हैं। इससे लोगों को लगने लगा कि पेड़ निगम द्वारा कटवाए जा रहे हैं जबकि यह कृत्य उनके द्वारा ही करवाया गया।

**आयुक्त ने किया मौका निरीक्षण**



स्मृति नगर के तीन उद्यान का हाल

47 हरे-भरे पेड़ काटे, होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

स्मृतिनगर के तीन उद्यानों में गुपचुप तरीके से 47 हरे-भरे पेड़ों की कटाई कर दी गई। यह हरकत दूसरे लोगों ने नहीं बल्कि जिन्हे इस नगर के विकास का जिम्मा है उसी ने पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया है। शिकायत के बाद मौके पर भिलाई निगम आयुक्त पहुंचे तो यह सही पाई गई। उसके बाद स्थानीय स्मृतिनगर सोसायटी के खिलाफ संबंधित थाने व वनमंडल विभाग को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया है।

पंचनामा किया तैयार

नगर पालिक निगम भिलाई के राजस्व विभाग के राजस्व अधिकारी जे. पी. तिवारी, सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न कुमार तिवारी अपने दल के साथ जाकर काटे गये पेड़ो का पंचनामा तैयार किया गया। स्मृति नगर सोसायटी के नाम से पर्यावरण अधिनियम के अंतर्गत स्मृति नगर थाना एवं वनमण्डल विभाग दुर्ग में लिखित शिकायत की गई। स्थानीय निवासियों द्वारा सामुहिक हस्ताक्षर युक्त लिखित शिकायत आयुक्त नगर निगम भिलाई के नाम से आवेदन भी दिये।

इन उद्यानों में काटे गए हैं पेड़

स्मृतिनगर उद्यान, उसके बगल में अम्बेडकर उद्यान और शंकराचार्य उद्यानों में पेड़ कटे मिले। यहां वहां छोटे बड़े मिलाकर हरे-भरे 47 पेड़ो को काट कर पूरा सफाया साफ कर दिया गया है। शंकराचार्य उद्यान में 6 पेड़ो को काटा गया है। जिसमें प्रमुख रूप से आम, नीम, कहुआ, करंज इत्यादि शामिल थे, जिसके ठूंठ मिले। कुछ लकड़ी वहां रखी मिली और कुछ को वहां से उठा लिया गया था। यह भी बताया गया कि पेड़ की कटाई सुबह-सुबह या रात के समय किया जाता है। स्थानीय निवासियों के विरोध के बाद कटाई बंद किया गया।

नियमित भ्रमण के दौरान खुलासा

स्मृति नगर कालोनी में जिला कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चैधरी को स्थानीय निवासी विभा सिंह द्वारा शिकायत की गई थी। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत के साथ नियमित भ्रमण पर निकले सब कार्यों के साथ उसका भी निरीक्षण करने गये। उसी समय वार्ड पार्षद मुकेश कुमार अग्रवाल, राणा सिंह, डॉ नीरज शर्मा एवं स्थानीय नागरिक पहुंच गये। उन्होंने बताया कि बड़े-बड़े पेड़ो को स्मृति नगर सोसाइटी द्वारा चोरी छिपे कटवाया जा रहा है। शासन के अनुमति के बिना हरे-पेड़ो को काटना अपराध की श्रेणी में आता है।

### नीम, आम, करंज व जामुन के पेड़ काटे

प्राप्त जानकारी के अनुसार समिति के जानकारी में ही हरे भरे पेड़ों को काटा गया है जिसमें शासन द्वारा प्रतिबंधित नीम, आम, जामुन, करंज आदि बड़े-बड़े पेड़ों को काट दिया गया है। इसकी शिकायत स्मृति नगर के निवासी कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी से किये थे। जिसके कारण नगर निगम भिलाई ने समिति के खिलाफ स्मृति नगर थाने में एवं वन विभाग में समिति के प्रति कार्रवाई करने के लिए शिकायत की। निगम के सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी स्वयं जाकर के नोटिस का तामिल करवा करवाए।

### आयुक्त के निरीक्षण में हुआ था खुलासा

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं मौका निरीक्षण करने गए थे। वहां पर जाकर के जब स्थानीय लोगों एवं पार्षद द्वारा बताया गया की स्मृति नगर सोसाइटी के द्वारा बताया गया कि यह पेड़ नगर निगम भिलाई कटवा जा रहा है। इस पर आयुक्त ने कहा ऐसा नहीं हो सकता है। उन्होंने जोन कमिश्नर से बात की उन्होंने बोला यह गलत है। हम सब तो पेड़ लगाते हैं काटेंगे क्यों। बाद में पता चला कि यह पेड़ सोसाइटी वाले ही चोरी छिपे कटवा रहे हैं। निगम को बदनाम कर रहे हैं। ऐसी जानकारी प्राप्त होने पर नगर निगम के जोन कमिश्नर अजय सिंह राजपूत द्वारा समिति के अध्यक्ष के नाम से नोटिस जारी किया है। अब उनसे तीन दिन के अंदर जानकारी देने के लिए कहा है कि उन्होंने गलत बयान बाजी क्यों किया। जिससे निगम के छवि खराब हो।


Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### मतगणना प्रशिक्षण बीआईटी में 13 को

**दुर्ग।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत मतगणना हेतु गणना पर्यवेक्षक, सहायक, रनर एवं रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग अधिकारी के सहयोग के लिए ड्यूटी में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों का 13 फरवरी को प्रातः 11 बजे बीआईटी कॉलेज में मतगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं। जिसके अनुक्रम में मुख्य प्रशिक्षक डॉ विकास पंचाक्षरी, अंजय तिवारी, डॉ एचएस भुवाल द्वारा नियत तिथि में संबंधित मतगणना दल को प्रशिक्षण दिया जाएगा। समस्त विभाग प्रमुख अधिकारियों को विभाग से ड्युटी में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों की प्रशिक्षण में उपस्थिति सुनिश्चित कराने कहा गया है।

### तितुरडीह आत्मानंद स्कूल के छात्र हुए उद्दंड

**दुर्ग।** मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल तितुरडीह के छात्र उद्दंड हो गए हैं। यहां लडको द्वारा अनैतिक व्यवहार किए जाने के मामले सामने आने के बाद प्राचार्य द्वारा परिजनों की सूचना दी गई थी। प्रचार्य प्रेमलता तिवारी ने बताया कि, परिजनों को कुछ छात्र के हरकतों की जानकारी दी गई हैं। ऐसी खबर है कि, कुछ छात्रों पर प्राचार्य द्वारा कार्यवाही भी की गई हैं। बहरहाल डीईओ अरविंद मिश्रा का कहना है कि, उन्हें इस बारे में कुछ जानकारी नही हैं। खबर है कि यह मामला कलेक्टर के संज्ञान में आने के बाद बैठक भी बुलाई गई थी।

### सभा, सम्मेलन अनुमति के लिए अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले के रिटर्निंग ऑफिसर जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र कमांक 01 से 12 अस्थायी चुनाव कार्यालय, सभा, सम्मेलन, नुक्कड़, रैली हेतु अनुमति पत्र एवं चुनाव प्रचार हेतु वाहन की अनुमति के लिये सहायक रिटर्निंग ऑफिसर जिला पंचायत तहसीलदार दुर्ग श्रीमती क्षमा यदु को अधिकृत किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील हो गया है।

### मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश मंजूर करने के निर्देश

**दुर्ग ।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 कार्यक्रम अनुसार नगर पालिका के महापौर व पार्षद पदों के लिए तथा नगर पंचायत के अध्यक्ष व पार्षद पदों के निर्वाचन के लिए मंगलवार 11 फरवरी को मतदान किया जाएगा। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 कार्यक्रम अनुसार जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच के निर्वाचन के लिए सोमवार 17 फरवरी, 20 फरवरी एवं रविवार 23 फरवरी को मतदान तिथि निर्धारित की गई है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश मंजूरी में उल्लेखित प्रावधान अनुसार नियत मतदान तिथि तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1953 अंतर्गत आने वाले कारखानों व संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत श्रमिक व कर्मचारियों को मतदान के दिन संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पॉली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किये जाने तथा प्रक्रिया अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देश दिए गए हैं।

# चुनाव कार्य में लगे अधिकारी और कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा**

आगामी नगरीय निकाय और नगर पंचायत चुनाव 2025 के लिए जिले में चुनावी कर्मचारियों का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान, चुनाव प्रक्रिया की तैयारी का जायजा लेने के लिए सामान्य प्रेक्षक अमिताभ बाजपेयी ने प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण किया। वे पीएम श्री स्वामी आत्मानन्द उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बेमेतरा में आयोजित प्रशिक्षण केंद्र पहुँचे और वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। प्रेक्षक अमिताभ बाजपेयी ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, कर्मचारियों की उपस्थिति और चुनावी प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण में भाग ले रहे अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की और उन्हें चुनावी प्रक्रियाओं को पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ संपन्न करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण सत्र में कुल 1062 कर्मचारियों मे 1046 कर्मचारियों उपस्थित थे और 16 अनुपस्थित पाए गए । जिला प्रशासन ने इस अवसर पर कर्मचारियों को चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक ने भी सभी कर्मचारियों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति सचेत रहने का आह्वान किया और उन्हें चुनाव के दिन सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सुझाव दिए।प्रशिक्षण के समापन के बाद सभी कर्मचारियों ने चुनावी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न करने की प्रतिबद्धता जताई।

## सामान्य प्रेक्षक अमिताभ वाजपेयी ने किया प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण



### ईवीएम के विभिन्न हिस्सों व उनकी कार्यप्रणाली की दी गई जानकारी

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स ने कर्मचारियों को ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) के संचालन से संबंधित व्यापक जानकारी दी। उन्होंने ईवीएम के विभिन्न हिस्सों जैसे बैलेट यूनिट (बीयू) और कंट्रोल यूनिट (सीयू) की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझाया। कर्मचारियों को यह सिखाया गया कि कैसे बीयू में मतदाता अपने वोट दर्ज करते हैं और सीयू के माध्यम से मतदान प्रक्रिया नियंत्रित होती है। मास्टर ट्रेनर्स ने सभी कर्मचारियों को इन उपकरणों के सेटअप, संचालन, और संभावित तकनीकी समस्याओं से निपटने के उपाय भी सिखाए, ताकि चुनाव के दिन किसी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न न हो। जिला प्रशासन ने इस अवसर पर कर्मचारियों को चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक ने भी सभी कर्मचारियों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति सचेत रहने का आह्वान किया और उन्हें चुनाव के दिन सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सुझाव दिए।

**तैयारी : आगामी 11 फरवरी को निकाय और 17 से पंचायत चुनाव होंगे**

# निगम और पंचायत चुनाव के लिए होंगे पौने तीन सौ वाहन अधिग्रहित

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग**

नगरनिगम चुनाव के लिए जिला निर्वाचन आयोग द्वारा आज से बसों का अधिग्रहित किया जाएगा। इस दौरान निगम चुनाव के लिए जहां 75 वाहन अधिग्रहित किए जाएंगे, वहीं तीन चरण में होने वाले पंचायत चुनाव के लिए 200 वाहनों का अधिग्रहण किया जाएगा। चुनाव कार्य में वाहनों के लगने से यात्रियों को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड सकता हैं।

जानकारी अनुसार मतदान के एक दिन पहले यानि दस फरवरी को मतदान दलों को बूथों के लिए चुनाव सामग्री देकर रवाना कर दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अयोग द्वारा पुलगांव स्थित भारतीय कालेज को स्ट्रांग रूम बना गया है, यही से सामग्री वितरण किए जाने के बाद दल रवाना होगा, वही चुनाव के निपटने के बाद सामग्री की वापसी भी यही होगी। आरटीओ अधिकारी एसएल लकडा ने बताया कि, नौ फरवरी को निकाय चुनाव के लिए बसों का अधिग्रहण किया जाएगा। वहीं दूसरे दिन मतदान दलों को मतदान केन्द्रों में तक पहुंचाया जाएगा, वही मतदान निपटने के बाद दल की रवानगी वाहनों से कराई जाएगी।

## यात्रियों को करनी पड़ेगी मशक्कत

### करीब 65 बसे चुनाव कार्य में लगेगी

आयोग द्वारा दस निकायों में होने वाले चुनाव के लिए 39 सेक्टर बनाए गए हैं। इसमें छोटे वाहन करीब 56 लगेंगे, वहीं 69 रूटो के लिए 65 बसों का उपयोग किया जाएगा। इसमें बीस से तीस सीट व 54 सीटों वाली बसों का उपयोग किया जाएगा। वही छोटे वाहन आधा दर्जन व बडे वाहन दर्जनभर रिजर्व में रखे जाएंगे।



फाईल फोटो

### पंचायत चुनाव के लिए 61 सेक्टर

जिला निर्वाचन आयोग द्वारा तीन ब्लाकों के बूथो तक पहुंचने 61 सेक्टर के लिए कुल 174 रूट तैयार किए गए हैं। इसके लिए 177 बसे अधिग्रहित किए जाएंगे। हांलाकि पंचायत चुनाव तीन चरण में होगें। पहला चरण 17 फरवरी, वहीं दूसरे चरण में बीस फरवरी को पाटन ब्लाक और तीसरे चरण में 23 फरवरी को मतदान होगा। इसके लिए करीब 80 छोटे वाहन लगेंगे, वहीं 177 बसे और रिजर्व में करीब 22 वाहन रखे जाएंगे। तीनों चरणो के मतदान के एक दिन पहले बसे अधिग्रहित होगें।

### भारती कॉलेज से दल होगा रवाना


निगम चुनाव के एक दिन पहले दस फरवरी को पुलगांव स्थित भारतीय कालेज से दुर्ग, भिलाई और रिसाली के लिए दलों को रवाना किया जाएगा। वहीं शेष निकायों का उन्ही मुख्यालय से दल रवाना करने की तैयारी है। लेकिन आयोग ने इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी नही किए हैं। जिसके चलते संशय की स्थिति निर्मित है। वही मतदान कहां-कहां होगा, यह भी अफसर बता नही पा रहे हैं।

### आज से अधिग्रहित

निकाय और पंचायत चुनाव के लिए छोट व बडे वाहन अधिग्रहित किए जाएंगे। हांलाकि सडको में शेष बसे यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगी।

**-एसएल लकडा,** आरटीओ अधिकारी दुर्ग

# शतचंडी महायज्ञ में हजारों श्रद्धालुओं ने दी पूर्णाहुति



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ थानखम्हरिया**

नगर में आयोजित शतचंडी महायज्ञ का रविवार को समापन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति में भाग लेकर दिव्य वातावरण का अनुभव किया। श्रद्धालुओं ने सीता रसोई भंडारा में प्रसादी ग्रहण कर यज्ञ की पूर्णता का पुण्य लाभ अर्जित किया। महायज्ञ के अंतिम दिन दोपहर 3 से 5 बजे तक कथा व्यास पं. मोहन नारायण महाराज ने श्रीमद् देवी भागवत कथा का अमृतमय रसपान कराया। उसके पश्चात परम पूज्य शंकराचार्य स्वरूपानंद जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य परमसाध सदानंद दंडी स्वामी जी ने धर्मसभा को संबोधित किया। उन्होंने परिक्रमा यज्ञ, महाकुंभ, गौ माता एवं सनातन हिंदू धर्म के महत्व पर श्रद्धालुओं को विस्तार से अवगत कराया। इस अवसर पर पूर्व सांसद राज्यसभा नंद कुमार साय, पूर्व सेवा आयोग अध्यक्ष प्रेम सिंघानिया, साजा विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव लाभचंद भावना, भाजपा प्रत्याशी चंदन-अनीता अग्रवाल, बसंत अग्रवाल सहित हजारों श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महायज्ञ के अंतिम चरण में तुलसी वर्षा का आयोजन किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। कथा व्यास महाराज जी ने मातृशक्ति के योगदान की सराहना करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में उनके महत्वपूर्ण योगदान की प्रशंसा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक रामविलास शर्मा, ओमप्रकाश जोशी, अनिल सिंघानिया, गोविंद सिंघानिया, प्रमोद जोशी, प्रमोद सिंघानिया, चतुर सिंघानिया, राहुल छाबड़ा, पवन मुरारका, रौनक मुरारका, राधेश्याम अग्रवाल, दिनेश शास्त्री, हरि शरण क्षत्रिय, गोरेलाल चंद्राकर, नरसिंह चंद्राकर सहित सहायता समूह की मातृशक्ति ने विशेष भूमिका निभाई।

# वार्डों में ईवीएम मशीन के प्रदर्शन का अंतिम दिन, मतदाताओं को किया गया जागरुक

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग**



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शिविर के अंतिम दिन 12 वार्डों के मतदाताओं को ईवीएम मशीन प्रदर्शन शिविर में मास्टर ट्रेनर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा ईवीएम मशीन की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

इस अवसर पर मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। मतदाताओं ने कहा ईवीएम मशीन से वोट करना आसान है। हम सभी मतदान करने जायेगे। ईवीएम से पहली बार नगरीय निकाय के चुनाव हो रहे हैं। ऐसे में मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए कलेक्टर व निगम प्रशासक सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश व निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में नगर निगम की टीम वार्डों में शिविर लगाकर ईवीएम से मतदान करने का तरीका बताया गया। शिविर में बताया गया कि वोटिंग मशीन के उपरी हिस्से में महापौर और निचले हिस्से में पार्षद प्रत्याशियों के नाम रहेंगे। इस स्थिति में वोटिंग करते समय किसी तरह की दिक्कत न हो इसलिए बेहतर होगा कि पहले महापौर पद के प्रत्याशी को वोट दें, उसके बाद पार्षद पद के प्रत्याशी के लिए बटन दबाएं। यानि मतदाता को दो पदों के लिए वोट देना है। शिविर के अंतिम दिन में 12 वार्डों के मतदाताओं को शिविर में जागरूक किया।

## ऐसी नाराजगी, व्यक्तिगत मसलों की सेल में शिकायतें

**दुर्ग।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय शिकायत सेल का गठन किया गया है। जहां अनेक अभ्यर्थियों के खिलाफ शिकायतें पहुंच रही है।

■ अवैध कब्जाधारी प्रत्याशी का नामांकन निरस्त करने मांग

किसी प्रत्याशी अवैध कब्जाधारी होने की शिकायत कर नामांकन निरस्त करने मांग की तो किसी का अन्य कारणों से नामांकन निरस्त करने मांग किया गया हैं। इसके अलावा और कई तरह की भी चुनाव संबंधी शिकायतें मिल रही है। अब तक अलग-अलग अभ्यर्थियों के खिलाफ 12 शिकायती आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। एक आवेदक ने पंचायत चुनाव मैदान में उतरे एक प्रत्याशी के परिवार द्वारा अतिक्रमण करने एवं प्रत्याशी का भी उसी अतिक्रमण में परिवार के साथ निवासरत होने की शिकायत की है।

एक प्रत्याशी पूर्व सरपंच काल में वित्तीय अनियमितता की शिकायत करते हुए नामांकन निरस्त करने मांग किया गया तो एक ग्राम पंचायत में मितानीन द्वारा पंचायत चुनाव में नामांकन की शिकायत की गई है।

# टैंकर मुक्त शहर की योजना टांय-टांय फिस्स करोड़ों खर्च के बाद भी किराये के टैंकर

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

राज्य गठन के ढाई दशक में भी रायपुर शहर टैंकर मुक्त नहीं हो पाया है। नगर निगम के जल विभाग ने गर्मी में किराये के टैंकर से पानी सप्लाई करवाने 50 लाख रुपये का टेंडर कर दिया है, जबकि गत वर्ष 1 करोड़ 58 लाख रुपये इस कार्य में खर्च किये गये। करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी शहर के 70 वार्डो में आम जनता की प्यास बुझाने 12 महीने पीने का साफ पानी पहुंचाने निगम प्रशासन फेलवर साबित हुआ है। दरअसल, हर साल की तरह इस बार भी गर्मी के सीजन में शहर के 70 वार्डो में रहने वाले 14 लाख लोगों तक पीने का साफ पानी पर्याप्त मात्रा में मिल जाये इसमें संशय बना हुआ है। नगर निगम के अधिकारियों ने इसी उहापोह के चलते एक बार फिर किराये के टैंकर से गर्मी के दिनों में पानी पहुंचाने अभी से टेंडर कर दिया है, जबकि जल विभाग के अफसरों और निवृत्तमान विभाग अध्यक्ष ने दावा किया था कि अबकि बार शहर में किराये के टैंकर की जरूरत नहीं पड़ेगी, पर इसकी स्थिति इसके उलट है।

## पिछली बार गर्मी में 1 करोड़ 58 लाख टैंकर पर हुए खर्च





### 2 साल से शोपीस बनकर रह गई लभांडी और फुंडहर की नई पानी टंकी



विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी और फुंडहर गांव में रहवासियों की पेयजल समस्या का निराकरण करने नगर निगम ने अमृत मिशन के तहत दो नई पानी टंकी का निर्माण 2 साल पूर्व करवाया। पर फंड खत्म होने से टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने का काम अब तक पूरा नहीं हो पाया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक पंद्रहवें वित्त आयोग मद में 48 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया पर इसकी मंजूरी नहीं मिली। इसके चलते फुंडहर और लभांडी की नई पानी टंकी महज शो पीस बनकर रह गई है। दोनों गांव में नई पाइप लाइन बिछाने सहित लोगों के घरों में वाटर मीटर लगाने का काम लंबित है।

### पिछले साल गर्मी में 1 करोड़ 58 लाख टैंकर पर खर्च

गत वर्ष नगर निगम के जल विभाग ने गर्मी के सीजन में जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की प्यास बुझाने 75 लाख रुपये का टेंडर ट्रिप के आधार किया था, लेकिन इस पर 1 करोड़ 58 लाख रुपये की बिलिंग हो गई। विडंबना ये है कि अमृत मिशन योजना के तहत करीब 1 लाख 75 हजार घरों में नई पाइप लाइन बिछाकर कनेक्शन देने और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 130 करोड़ शहर के 15 चयनित वार्डों के 20 हजार घरों में 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना का लाभ इस बार गर्मी के समय लोगों को मिल पाएगा या नहीं, यह स्थिति अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है, जबकि मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया बनाकर 176 किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन बिछाकर इंटर कनेक्शन देने के काम पूरा हो गया है।

**मात्र सवा महीने में ही 9 हजार रुपए कीमत बढ़ी, अब दाम 88 हजार की राह पर**

# अमेरिका का टैरिफ वॉर, गर्म हो रहा सोने का बाजार, दाम अब 87 हजार पार

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

अमेरिका के टैरिफ वॉर का बड़ा असर सोने की कीमत पर पड़ रहा है। सोने की कीमत अब लगातार आसमान छू रही है। महज सवा माह में ही 9 हजार रुपए कीमत बढ़ी है। पहले कभी ऐसी तेजी देखने को नहीं मिली।

शनिवार को जब बाजार बंद हुआ तो कीमत 87500 रुपए थी। 31 दिसंबर को कीमत 78400 रुपए थी। आने वाले समय में सोना कभी भी 90 हजार तक पहुंच जाएगा। इस साल कीमत के एक लाख तक जाने की संभावना है। बीते वर्ष सालभर में कीमत 19 हजार बढ़ी थी, लेकिन इस समय कीमत बढ़ने की रफ्तार बहुत तेज है। सोने और चांदी को हमेशा से ही निवेश के लिए खरा माना जाता है। बीते साल तो निवेश के मामले में इसने रिकॉर्ड भी बना दिया। पहली बार सोने में जहां 20 फीसदी का रिटर्न मिला है, वहीं चांदी में 17 फीसदी रिटर्न मिला है। यही वजह है कि बीते साल छत्तीसगढ़ में आठ हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश हुआ है। प्रदेश में सोने-चांदी का रोज का करीब 50 करोड़ का कारोबार होता है, इसमें 50 फीसदी निवेशकों का रहता है। सोने की कीमत इस बीते साल रिकॉर्ड 82 हजार के पार भी गई और चांदी के दाम भी एक लाख के पार गए।

## नए साल में कीमत बढ़ने की रफ्तार तेज



नए साल के पहले बीते 31 दिसंबर को सोने की कीमत 78600 रुपए थी। नए साल में पहले ही दिन से सोने की कीमत में इजाफा होना प्रारंभ हुआ। 1 जनवरी को कीमत 79 हजार रही। 7 जनवरी को कीमत 80 हजार पहुंची। इसके बाद एक सप्ताह में कीमत 81 हजार के पार हो गई। फिर एक सप्ताह के बाद कीमत 82 हजारी हुई और अंतिम सप्ताह में पहले कीमत 83 हजारी हुई और फिर माह के अंतिम दिन 31 जनवरी को कीमत 84150 रही। एक फरवरी को केंद्रीय बजट वाले दिन सुबह को सोने की कीमत 84800 थी, जो शाम को बजट के बाद 85050 रुपए हो गई। रविवार को बाजार बंद रहने के बाद नए सप्ताह में सोमवार को बाजार खुला तो शाम को कीमत 86 हजार पहुंच गई। इस सप्ताह कीमत में 2450 रुपए का इजाफा हुआ है। बीते शनिवार को कीमत 85050 रुपए थी जो इस शनिवार को कीमत 87500 रुपए हो गई है।

### अमेरिका के टैरिफ वॉर का असर

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने कहा, सोने की कीमत लगातार बढ़ रही है। इस तेजी का कारण टैरिफ वॉर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में दूसरे देशों से आयात होने वाले सामानों पर आयात शुल्क में वृद्धि की है, इससे विश्व बाजार में अनिश्चित एवं भय का वातावरण बना है। आयात शुल्क बढ़ाने से अन्य देशों की निर्यात पर इसका असर पड़ा है। इसकी वजह से डॉलर मजबूत हुआ और शेयर बाजार नीचे आया। इन अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण सुरक्षित निवेश के रूप में सोने में अब ज्यादा निवेश हो रहा है, इसलिए सोने का भाव लगातार बढ़ रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



1,75000/ प्रति श्रद्धालु

Departure Ex- Kathmandu
08 मई, 07 जून, 06 जुलाई, 25 जुलाई, 23 सितंबर 2025 (12 रात 13 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
कैलाश मानसरोवर यात्रा
सुविधाः- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
नोटः- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
राशिः- 1 लाख 75 हजार प्रति श्रद्धालु
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411